आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 14.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- भारत अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना कर 500 बिलियन डॉलर तक करने का फैसला किया।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आवश्यकता के अनुसार ही ऊर्जा का उपयोग करने का आह्वान किया।
- प्रसार भारती के चैयरमैन नवनीत कुमार सहगल ने आकाशवाणी जयपुर का दौरा किया–रेडियो को सूचनाओं के आदान–प्रदान का सस्ता और सशक्त माध्यम बताया।
- 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में सम्पन्न–सशस्त्र सेना बल 121 पदकों के साथ पहले स्थान पर–राजस्थान को 43 पदक मिले।

000

भारत अमेरिका ने एक महत्वाकांक्षी निर्णय के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर इसे 500 बिलियन डॉलर तक करने का फैसला किया है। आज वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता में ये निर्णय किया गया। बैठक के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सबसे बड़े व्यापार मार्गों में से एक भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण पर भी सहमति बनी है। वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि भारत और अमरीका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मज़बूती से एक साथ खड़े हैं।

............

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोगों से आवश्यकता के अनुसार ही ऊर्जा का उपयोग करने का आह्वान किया है। श्री बागड़े आज जयपुर में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा तेल और गैस कंपनियों द्वारा आयोजित संरक्षण क्षमता महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल और डीजल में इथेनॉल ऑयल का उपयोग कर उत्सर्जन और तेल आयात कम किए जाने के प्रयासों की भी आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने कहा कि सभी को मिलकर ऊर्जा उत्पादन और इसका कम से कम उपयोग कर राष्ट्र को तेल, गैस में आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना चाहिए। संरक्षण क्षमता महोत्सव 28 फरवरी तक चलेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरपंच समय के साथ अपने आप को मजबूत करें, ताकि वे अपने क्षेत्र का बेहतर तरीके से विकास कर सकें। मुख्यमंत्री आज डीडवाना–कुचामन जिले के कुचामन सिटी समाजसेवी और पूर्व सरपंच भंवराराम कड़वा की प्रतिमा अनावरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरपंच गांव के विकास महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

............

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही साल में किसान, युवा, महिला और गरीबों के उत्थान के लिए कल्याणकारी काम किए हैं। उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना के जरिये प्रदेश की बड़ी आबादी को पेयजल और सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। कार्यक्रम में महिला और बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे।

000

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज डीग जिले के बरई गांव में शहीद हवलदार सुकेश गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से सैनिकों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। गृह राज्यमंत्री ने बरई में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने की भी घोषणा की।

000

प्रदेश में कल से सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरुक किया जाएगा। ये कैम्पेन टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत चलाया जाएगा। इसके लिए जयपुर में जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जा रही है।

आगामी 24 मार्च को राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस पर बेहतरीन काम करने वाले जिलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन को गति देना, समय पर टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम उपायों को मजबूत करना है।

000

प्रसार भारती के चैयरमैन नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि रेडियो सूचनाओं के आदान–प्रदान का सस्ता और सशक्त माध्यम है। श्री सहगल ने आज आकाशवाणी जयपुर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि कहा कि रेडियो समाज के सभी वर्गों तक उनसे जुड़ी बातें पहुंचाता है। कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने श्रोताओं से ज्यादा से ज्यादा सुझाव भेजने को कहा।

...............

इस अवसर पर उन्होंने आकाशवाणी जयपुर से प्रसारित हो रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये।

000

राष्ट्र, आज पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर शहीदों को नमन कर रहा है। इसी कड़ी में पाली के स्कूलों में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। भीलवाडा के जहाज़पुर में रक्तदान शिविर लगाया गया। झुंझुनूं के शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक और उनके परिजन उपस्थित रहे। राजसमंद में वॉक फॉर पीस मैराथन आयोजित की गई। मैराथन में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी और पुलिस के जवान शामिल रहे। भरतपुर में किला स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। गौरतलब है कि जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षाकर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर 2019 में हुए इस आत्मघाती हमले में 40 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। इनमें से पांच जवान राजस्थान के थे।

000

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल आज सम्पन्न हो गए। समापन समारोह हल्द्वानी में आयोजित किया गया। पदक तालिका में तीनों सेनाओं की संयुक्त् टीम 68 स्वर्ण सहित कुल 121 पदक जीतकर शीर्ष स्थान पर रही। महाराष्ट्र 54 स्वर्ण सहित 201 पदक लेकर दूसरे और हरियाणा 48 स्वर्ण सहित 153 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा। राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान 43 पदकों के साथ चौदहवें स्थान पर रहा। इनमें नौ स्वर्ण, 11 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। श्री मांडविया ने कहा कि उनकी जीत ने उनके राज्य और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

.............

समाचार महाकुंभ से –

.............

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में डाक विभाग, श्रद्धालुओं को अनूठी सेवाएं दे रहा है। मेला क्षेत्र में लगे शिविरों में आधार और अन्य दस्तावेजों को अपडेट करने जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने महाकुंभ 2025 पर तीन स्मारक डाक टिकट जारी किए। उन्होंने प्रयागराज के अरैल घाट डाकघर में टिकटों का अनावरण किया। स्मारक डाक टिकटों में त्रिवेणी तीर्थ के तीन प्रमुख पहलुओं–महर्षि भारद्वाज आश्रम, स्नान और अक्षयवट को दर्शाया गया है। पवित्र स्नान के दिनों पर विशेष कवर, 'दिव्य, भव्य और डिजिटल महाकुंभ' तथा पोस्टकार्ड सहित अन्य डाक टिकट भी जारी किए गए हैं।

इस बीच, प्रयागराज महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गई बाड़मेर–बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन तीसरी ट्रिप के लिए आज शाम बाड़मेर से रवाना हुई। यह ट्रेन रात नौ बजकर बीस मिनट पर जोधपुर पहुंचेगी और वहां से दस मिनट बाद साढे नौ बजे रवाना होगी। ये रेलगाड़ी कल शाम 7 बजकर 5 मिनट पर प्रयागराज स्टेशन पंहुचेगी।

..............

प्रदेश में कई स्थानों पर फरवरी में ही दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज होने लगा है। सूरज की तपिश बढ़ने से दिन में तेज़ गर्मी का अहसास होने लगा है। सर्वाधिक 33 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 3–4 दिन मौसम शुष्क रहने तथा

तापमान में 2–3 डिग्री और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। वहीं आगामी दिनों में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 17 से 20 फरवरी के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं।

000

झुंझुनूं जिले में अब दिव्यांगजन किसी भी जिला अस्पताल, उपजिला अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि ये प्रमाण पत्र सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को बनवाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए दिव्यांगजनों को जिला मुख्यालय नहीं आना होगा।

000